सुरेश चन्द्र शर्मा
Suresh Chandra Sharma
उप महानिदेशक (समन्वय एवं प्रशासन)
Dy. Director General (C&A)
Tel. : +91-11-23372446
Fax : +91-11-23372447
E-mail : suresh.s@nic.in

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
संचार भवन, 20 अशोक रोड, नई दिल्ली-110 001
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF COMMUNICATIONS & INFORMATION TECHNOLOGY
DEPARTMENT OF TELECOMMUNICATIONS
SANCHAR BHAWAN, 20 ASHOKA ROAD,
NEW DELHI-110 001

दिनांकः07 जनवरी, 2015

अत्यावश्यक
महत्वपूर्ण

अ.शा.पत्र संख्या ई-13015/01/2014-रा.भा.

प्रिय श्री पुरवार जी,

कृपया संयुक्त सचिव (प्रशासन), दूरसंचार विभाग को पृष्ठांकित तथा आपको संबोधित महासचिव, एमटीएनएल, एक्जीक्यूटिव एसोसिएशन के दिनांक 17.11.2014 के पत्र का संदर्भ लेने का कष्ट करें जिसके माध्यम से उन्होंने एमटीएनएल में हिंदी कैडर के वेतनमान व पदोन्नति के अवसरों के संबंध में कुछ प्रमुख बिंदुओं पर महानगर का ध्यान आकर्षित करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है । सुलभ संदर्भ के लिए महासचिव, एमटीएनएल, एक्जीक्यूटिव एसोसिएशन के पत्र की प्रति संलग्न है ।

2. उपर्युक्त के संबंध में उल्लेखनीय है कि दूरसंचार विभाग (मुख्यालय) अपने नियंत्रणाधीन कार्यालयों/उपक्रमों विशेषकर महानगर टेलिफोन निगम लिमिटेड में हिंदी पदों पर कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों की सेवा/पदोन्नति/वेतनमान आदि संबंधी समस्त मामलों के संबंध में सदैव कार्यशील तथा संवेदनशील रहा है । विभाग द्वारा गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा इस संबंध में समय-समय पर प्राप्त संदर्भों को महानगर टेलिफोन निगम लिमिटेड को भेजकर उनसे इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया जाता रहा है। पिछली बार विभाग द्वारा दिनांक 20.06.2014 के समसंख्यक पत्र (प्रति संलग्न) द्वारा भी एक मंत्रालय के अधीन सभी उपक्रमों/प्रतिष्ठानों/अधीनस्थ/सम्बद्ध कार्यालयों में राजभाषा कैडर बनाने के संबंध में महानगर टेलिफोन निगम लिमिटेड, नई दिल्ली आवश्यक कार्रवाई कर की गई कार्रवाई से दूरसंचार विभाग को अवगत करवाने का अनुरोध किया था । परंतु अभी तक महानगर टेलिफोन निगम लिमिटेड द्वारा संबंधित प्रकरण पर कोई कार्रवाई की गई प्रतीत नहीं होती है ।

3. इस विषय पर मैं आपको पुनः स्मरण करवाना चाहूंगा कि संघ राजभाषा की राजभाषा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन तथा इसके प्रचार-प्रसार के लिए आवश्यक है कि महानगर टेलिफोन निगम लिमिटेड के विभिन्न कार्यालयों में हिंदी पदों पर विद्यमान राजभाषा अधिकारियों को उनकी सेवा संबंधी विभिन्न मामलों यथा वेतनमान, पदोन्नति आदि विषयों पर उनमें कोई असंतोष की भावना न उत्पन्न हो, इसके लिए आवश्यक है कि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी अनुदेशों के अनुपालन में आपके संगठन में राजभाषा कैडर बनाने के संबंध में कार्रवाई तुरंत प्रारंभ की जाए । आपसे अनुरोध है कि उक्त प्रकरण की गंभीरता तथा संवेदनशीलता को देखते हुए, इस मामले में आप व्यक्तिगत रूचि लेकर, संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निदेश देने की कृपा करें ताकि महानगर टेलिफोन निगम लिमिटेड के निगमित कार्यालय द्वारा की गई कार्रवाई की स्थिति से सचिव (दूरसंचार) महोदय को **तत्काल** अवगत करवाया जा सके ।

सादर,

आपका,
हस्ता०/-
(एस.सी.शर्मा)

श्री पी.के.पुरवार,
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक,
महानगर टेलिफोन निगम लिमिटेड (Mahanagar Telephone Nigam Ltd.) (निगमित कार्यालय),
महानगर दूरसंचार सदन, पांचवी मंजिल, सी.जी.ओ.काम्प्लैक्स,
लोधी रोड, नई दिल्ली-110 003

प्रतिलिपिः-

श्री वी.के.तोमर, महासचिव, एमटीएनएल एक्जीक्यूटिव एसोसिएशन, 239, अशोका इन्कलेव पार्ट-1, फरीदाबाद-121003 (हरियाणा) को दूरसंचार विभाग को पृष्ठांकित उनके दिनांक 17.11.2014 के पत्रांक MEA/CHQ/CMD के संदर्भ में सूचनार्थ ।

(अमित प्रकाश)
उपनिदेशक (राजभाषा)